दिनांक 27 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

- जनदर्शन में लोगों की समस्याओं का हो रहा है निराकरण , निगम मुख्य कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में प्राप्त हुए 22 आवेदन

- अब तक 216 आवेदनों का किया जा चुका निराकरण

भिलाई नगर/ आज निगम मुख्य कार्यालय में समय प्रातः 11:00 बजे से 1:30 बजे तक निगम सभागार में जनदर्शन आयोजित हुआ! जनदर्शन में आज कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए , जिसमें से एक आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया! जनदर्शन में अब तक 216 आवेदन निराकृत किए जा चुके है! लोगों की समस्याओं/शिकायतों के निराकरण करने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी स्वयं उपस्थित रहे! उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर उनके निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए! प्राप्त आवेदन के विषयों एवं समस्याओं को समझकर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए अग्रेषित भी किए ! आज अलग-अलग विषयों से संबंधित कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए! आज के जनदर्शन में मुख्यतः अवैध अतिक्रमण हटाने, पट्टा प्रदान करने, नाली के ऊपर से अवैध कब्जा हटाने, श्याम चौक के पास बल्ब सुधारने , अतिक्रमण मुक्त कराने , नाली निर्माण करने , इमामबाड़ा चौक के पास की पुलिया को ऊंचा करने , व्यवसायिक परिसर से अवैध निर्माण हटाने , घर के सामने के रास्ते से अवैध कब्जा हटाने , घर बनाने के लिए अनुमति तथा शौचालय निर्माण इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए! उल्लेखनीय है कि निगम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण जन समस्याओं के निराकरण के लिए निगम आयुक्त श्री रघुवंशी की पहल पर सभी जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को तथा निगम मुख्य कार्यालय में माह के प्रथम एवं अंतिम शनिवार को समय 11:00 से 1:30 तक जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है! आज के जनदर्शन में मुख्य रूप से उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं नरेंद्र कुमार बंजारे , जोन आयुक्त एवं जनदर्शन से संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी